# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

| कक्षा:-8 | विषय: हिंदी (भारत की खोज) | पाठ:7 |
|---|---|---|

भारत की खोज

पाठ - 7

उत्तर - 1 कर्मयोगी गांधी जी के अकर्मठता, निष्क्रियता और उदासीनता के विरुद्ध जनता को जगाने का कार्य करने के लिए और भारत अर्थव्यवस्था की सही जानकारी प्राप्त करने के लिए गांँव-गांँव झोपड़ियों में गए।

उत्तर -2 सन 1940 में कांग्रेस ने अंग्रेजों के विरुद्ध यह घोषणा की कि भारत में ब्रिटिश सरकार की नीतियाँ जनजीवन में संघर्ष और फूट को प्रत्यक्ष रूप से उकसाने वाली और भड़काने वाली है।

उत्तर -3 प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद देश में राहत और प्रगति की बजाय अंग्रेजों ने अनेक दमनकारी कानून और पंजाब में 'मार्शल लॉ' लागू कर दिया था। जनता में अपमान एवं क्रोध की भावना भरी हुई थी। किसान ,मजदूर ,मध्यवर्गी और बुद्धिजीवी वर्ग सभी में अत्यधिक निराशा थी। ऐसे निराशाजनक राजनैतिक परिदृश्य में गांधी जी का भारत में आगमन हुआ।

उत्तर 4 गांधी जी के कांग्रेस में प्रवेश करते ही उसके संगठनात्मक ढाँचे और उसके संविधान में परिवर्तन ला दिया। जिससे कि कांग्रेस और अधिक मजबूत और लोकतांत्रिक बन गई । ऐसा करने से कांग्रेस में किसानों , मजदूर तथा मध्यम वर्गी लोगों की संख्या बढ़ने लगी। इस परिवर्तन से यह संगठन आम जनता का संगठन बन गया तथा पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया।

उत्तर 5 अंग्रेजों की ‘फूट डालो और शासन करो’ की नीति भारत के विभाजन के लिए उत्तरदायी थी।

उत्तर -6 राजनीतिक गहमागहमी, तत्कालीन राजनैतिक परिस्थितियाँ, कांग्रेस में नरम दल तथा गरम दल की गुटबाजी तथा प्रथम विश्व युद्ध के कारण उसे समय भारत में कांग्रेस की राजनीति उतार पर थी।

उत्तर -7 जिन्ना ने दो राष्ट्र की माँग धर्म के आधार पर की थी। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदुस्तान और पाकिस्तान दो राष्ट्र निवास करते हैं।

उत्तर -8 गांधी जी के अद्भुत एवं विलक्षण व्यक्तित्व ने भारत की सामान्य जनता को अपनी ओर आकर्षित किया। उस समय गांधी जी का कांग्रेस में प्रभुत्व था। कांग्रेस में नरम-गरम दल तथा विद्रोही प्रवृत्ति के सभी सदस्य गांधी जी का सम्मान करते थे। गांधी जी कभी दूसरों की इच्छाओं के आगे झुक जाते थे तो कभी अपने विरुद्ध किए गए फैसलों को भी सहजता से स्वीकार कर लेते थे ।सन 1920 तक नेशनल कांग्रेस गांधी जी से प्रभावित होकर उनके बताए मार्ग पर ही चलती रही उनके नेतृत्व में अनेक बार कांग्रेस ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध संघर्ष किया। गांधी जी द्वारा चलाए गए आंदोलन सेअंग्रेजों के आक्रामक रवैया पर कुछ नियंत्रण स्थापित हुआ।

उत्तर 9 ×